भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1279 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 6 फरवरी, 2026/17 माघ, 1947 (शक) को दिया जाना है

कर्नाटक में सागरमाला परियोजना

† 1279. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत अनुमोदित सभी परियोजनाओं की सूची क्या है और परियोजना का प्रकार, अनुमानित लागत और कर्नाटक में उनके कार्यान्वयन के लिए कौन-कौन सी एजेंसियां उत्तरदायी हैं;

(ख) पूरी की गई, चल रही या लंबित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और उन्हें पूरा करने की प्रत्याशित समय-सीमा क्या है; और

(ग) उक्त राज्य में सागरमाला परियोजनाओं के समय पर निष्पादन, इष्टतम उपयोग और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए कौन-कौन से रणनीतिक उपायों की योजना बनाई जा रही है अथवा कार्यान्वित की जा रही है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): आज की स्थिति के अनुसार, सागरमाला योजना के तहत कर्नाटक राज्य में 491 करोड़ रुपये की लागत से 8 परियोजनाओं को वित्तीय सहायता के लिए मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं का विवरण, परियोजना के प्रकार, अनुमानित लागत, कार्यान्वयन एजेंसी, वर्तमान स्थिति और पूरा करने की समयसीमा सहित, संलग्न है।

(ग): कार्यान्वयन एजेंसियों और कर्नाटक सरकार के साथ, समय पर क्रियान्वयन और समस्या के समाधान के लिए, नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, इष्टतम उपयोग और दीर्घकालिक स्थिरता के लिए केंद्रीय मंत्रालयों और कर्नाटक सहित समुद्री राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल करते हुए समुद्री राज्य विकास परिषद (एमएसडीसी) और राष्ट्रीय सागरमाला शीर्ष समिति (एनएसएसी) की बैठकें आयोजित करता है। समुद्री राज्यों को भी परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय हेतु राज्य सागरमाला समिति (एसएससी) की बैठकें आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अनुबंध

सागरमाला योजना के तहत कर्नाटक राज्य में वित्तपोषण के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	परियोजना श्रेणी / स्तंभ	परियोजना लागत (₹ करोड़ में)	कार्यान्वयन एजेंसी	पूरा होने की तिथि / पूर्ण होने की अनुमानित तिथि	स्थिति श्रेणी
1	उडुपी जिला, कर्नाटक में मालपे के मौजूदा फिशिंग हार्बर के आधुनिकीकरण सहित तीसरे चरण का विस्तार	तटीय समुदाय विकास	50.00	मत्स्यपालन विभाग, कर्नाटक	30.12.23	पूर्ण
2	उत्तरा कन्नड़ जिला, कर्नाटक में अमादल्ली में मौजूदा फिशिंग हार्बर का आधुनिकीकरण।	तटीय समुदाय विकास	19.00	मत्स्यपालन विभाग, कर्नाटक	30.9.18	पूर्ण
3	डीडीयूजीकेवाई चरण I, कर्नाटक	तटीय समुदाय विकास	1.53	ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई)	30.9.18	पूर्ण
4	कारवार पत्तन, कर्नाटक पर अग्निशमन उपकरणों की संस्थापना	पत्तन आधुनिकीकरण	18.21	पत्तन एवं आईडब्ल्यूटी, कर्नाटक	30.7.25	पूर्ण
5	डीडीयूजीकेवाई चरण II, कर्नाटक	तटीय समुदाय विकास	2.18	ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई)	31.03.26	कार्यान्वयनाधीन
6	कुलाई, कर्नाटक में फिशिंग हार्बर का विकास	तटीय समुदाय विकास	196.51	नव मंगलूर पत्तन प्राधिकरण	31.12.26	कार्यान्वयनाधीन
7	उडुपी जिला, कर्नाटक में हेजामदी कोडी में मौजूदा फिश लैंडिंग केंद्र का विकास।	तटीय समुदाय विकास	138.60	मत्स्य विभाग, कर्नाटक	31.03.26	कार्यान्वयनाधीन
8	ओल्ड मंगलूर पत्तन, कर्नाटक पर तटीय मालवाहक बर्थ का निर्माण	तटीय पोत परिवहन और आईडब्ल्यूटी	65.00	पत्तन एवं आईडब्ल्यूटी, कर्नाटक	30.03.26	कार्यान्वयनाधीन

*****